Bihar Public Service Commission

BPSC

Bihar Public Service Commission

# डाउनलोड बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) 64वीं प्रारंभिक परीक्षा प्रश्न पत्र – 2018

Downloaded from: http://studymarathon.com/

**1.** निम्न में से कौन-सा ईस्ट इंडिया कंपनी के सिपाहियों को विद्रोही बनाने का कारण **नहीं** था?

(A) ईसाई धर्म फैलाने के लिए कंपनी के अधिकारियों के प्रयास

(B) जहाज पर यात्रा करने के लिए सिपाहियों को आदेश

(C) भत्ते की रोकथाम

(D) अधिकारियों की अक्षमता

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**2.** मुगल बादशाह बहादुरशाह ज़फर के बारे में कहा जाता था कि उसके साम्राज्य की सीमा थी

(A) चाँदनी चौक से पालम

(B) दिल्ली से बिहार

(C) पेशावर से बिहार

(D) पेशावर से वाराणसी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**3.** इनमें से किसने अंग्रेज़ी ईस्ट इंडिया कंपनी के कंट्रोल के खिलाफ बगावत **नहीं** की?

(A) विजयनगरम का राजा

(B) हैदराबाद का निज़ाम

(C) तमिलनाडु के पोलिगार

(D) त्रावणकोर के दीवान वेलू थम्पी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**4.** 'नील विद्रोह' किसके बारे में था?

(A) रैयत नील की खेती नहीं करना चाह रहे थे पर जबरदस्ती करवाई जा रही थी

(B) रैयत नील की खेती करना चाह रहे थे पर उन्हें जबरदस्ती रोका जा रहा था

(C) रैयत नील की खेती नहीं करना चाह रहे थे पर उनसे एक अमान्य मूल्य पर जबरदस्ती करवाई जा रही थी

(D) नीले रंग के झंडे वाला एक विद्रोही आंदोलन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**5.** 1875 के 'दक्कन के दंगों' का तात्कालिक कारण था

(A) अकाल की छाया

(B) महाजनों के द्वारा ऊँची ब्याज दर

(C) ऊँची भू-राजस्व दर

(D) जबरदस्ती किए गए धार्मिक सुधार का विरोध

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**6.** रजनी पाम दत्त ने कहा, "वे साम्राज्यवाद से लड़ते भी थे और सहयोग भी करते।" उन्होंने किस राजनैतिक गठबंधन के बारे में यह कहा?

(A) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस

(B) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

(C) स्वराज पार्टी

(D) हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन असोसिएशन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**7.** निम्न में से कौन-सा एक 'राष्ट्रवादी' समाचार-पत्र **नहीं** था?

(A) द हिन्दू

(B) *बंगाली*

(C) *दि महरत्ता*

(D) *द टाइम्स ऑफ इंडिया*

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

**8.** प्रार्थना समाज, यंग इंडिया, लोकहितवादी, सत्यशोधक समाज, रहनुमाई मज़देयसन सभा के लिए निम्न विकल्पों में से सही संयोजन पहचानिए :

(A) गोपाल हरी देशमुख, आत्माराम पांडुरंग, मोहनदास करमचंद गाँधी, ज्योतिबा फुले, नौरोजी फ़ुरदोनजी

(B) आत्माराम पांडुरंग, मोहनदास करमचंद गाँधी, गोपाल हरी देशमुख, ज्योतिबा फुले, नौरोजी फ़ुरदोनजी

(C) आत्माराम पांडुरंग, ज्योतिबा फुले, मोहनदास करमचंद गाँधी, गोपाल हरी देशमुख, नौरोजी फ़ुरदोनजी

(D) नौरोजी फ़ुरदोनजी, आत्माराम पांडुरंग, मोहनदास करमचंद गाँधी, गोपाल हरी देशमुख, ज्योतिबा फुले

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**9.** नीचे दिए गए विकल्पों में से राष्ट्रवादी समाचार-पत्रों *द हिन्दू*, *केसरी*, *बंगाली*, *हिन्दुस्तानी*, *सुधारक* के संपादकों के नामों का सही संयोजन ज्ञात कीजिए :

(A) सुरेंद्रनाथ बैनर्जी, जी० सुब्रमणिया अय्यर, बाल गंगाधर तिलक, गंगा प्रसाद वर्मा, गोपाल कृष्ण गोखले

(B) बाल गंगाधर तिलक, जी० सुब्रमणिया अय्यर, सुरेंद्रनाथ बैनर्जी, गंगा प्रसाद वर्मा, गोपाल कृष्ण गोखले

(C) जी० सुब्रमणिया अय्यर, बाल गंगाधर तिलक, गंगा प्रसाद वर्मा, गोपाल कृष्ण गोखले, सुरेंद्रनाथ बैनर्जी

(D) जी० सुब्रमणिया अय्यर, बाल गंगाधर तिलक, सुरेंद्रनाथ बैनर्जी, गंगा प्रसाद वर्मा, गोपाल कृष्ण गोखले

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**10.** बाल गंगाधर तिलक 'लोकमान्य तिलक' के नाम से जाना जाने लगे, जब

(A) वे एक लोकप्रिय शिक्षक बने

(B) उन्होंने एक लोकप्रिय अख़बार शुरू किया

(C) सरकार ने उन्हें रैंड मर्डर केस में अभियुक्त बनाया

(D) उन्होंने शिवाजी और गणपति उत्सव शुरू किया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**11.** सरकार के विरोध में असेम्ब्लि में बम फेंकने के समय भगत सिंह की उम्र क्या थी?

(A) 21 साल

(B) 21 साल से थोड़ा ज़्यादा

(C) 25 साल

(D) 25 साल से थोड़ा ज़्यादा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**12.** जालियाँवाला बाग नरसंहार किस गाँधीवादी सत्याग्रह के संबंध में हुआ?

(A) स्वदेशी सत्याग्रह

(B) रौलट सत्याग्रह

(C) बारदोली सत्याग्रह

(D) वैयक्तिक सत्याग्रह

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**13.** कुँवर सिंह अंग्रेज़ों के खिलाफ 1857 के विद्रोह में किस जगह शामिल हुए?

(A) आरा (B) पटना

(C) बेतिया (D) वाराणसी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

**14.** किस स्थान पर आदिवासियों ने अंग्रेज़ों के खिलाफ विद्रोह किया?

(A) बिहार

(B) पंजाब

(C) सिंध

(D) काठीयावाड़

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**15.** ''अतः सदैव सहमति के साथ और अक्सर वाणिज्य मंडल के निर्देशों पर भारत सरकार चलती है और इसे 'व्हाइट मैन्स बर्डेन' कहा जाता है।'' यह किसने कहा था?

(A) बंकिम चंद्र चटर्जी

(B) महात्मा गाँधी

(C) सच्चिदानंद सिन्हा

(D) राजेंद्र प्रसाद

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**16.** निम्न में से महात्मा गाँधी का भारत में पहला सत्याग्रह कौन-सा था?

(A) अहमदाबाद (B) बारदोली

(C) चम्पारण (D) वैयक्तिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**17.** गाँधीजी के असहयोग आंदोलन में लोगों को शराब से परहेज़ करने का आग्रह किया गया। फलस्वरूप सरकार के राजस्व में भारी कमी आयी। एक प्रदेश की सरकार ने लोगों को फिर से शराब पीने को प्रेरित करने के लिए प्रमुख व्यक्तियों की एक सूची प्रसारित की जो शराब पीते थे। उस प्रदेश का नाम बताइए।

(A) आंध्र प्रदेश

(B) बिहार

(C) बॉम्बे

(D) गुजरात

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**18.** नमक सत्याग्रह के दौरान बिहार में लोगों ने नमक बनाने के साथ-साथ किस कर के विरोध के द्वारा सरकार का विरोध किया?

(A) चौकीदारी

(B) हाथी

(C) डेवलप्मेंट

(D) मलबा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**19.** फरवरी 1938 में बिहार की चुनी हुई सरकार ने किस कारणवश इस्तीफ़ा दिया?

(A) भारत का युद्ध में शरीक होना

(B) गाँधी के आह्वान पर अंग्रेज़ों के खिलाफ सत्याग्रह

(C) अंग्रेज़ों द्वारा लगाया गया भारी कर

(D) राजनैतिक बंदियों को छोड़ना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**20.** बिहार किसान सभा से कौन जुड़ा था?

(A) स्वामी सहजानंद

(B) कार्यानंद शर्मा

(C) राहुल सांकृत्यायन

(D) यदुनंदन शर्मा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

21. एक कमरा, जिसकी लम्बाई 12 मीटर, चौड़ाई 9 मीटर एवं ऊँचाई 8 मीटर है, में रखे जा सकने वाले खम्बे की अधिकतम लम्बाई है

(A) 864 मीटर

(B) 10 मीटर

(C) 17 मीटर

(D) 43 मीटर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. एक रेलगाड़ी, जिसकी लम्बाई 150 मीटर है, उत्तर दिशा की तरफ 144 कि० मी०/घंटा की गति से चलते हुए 250 मीटर लम्बी एक पुल को पार कर सकेगी

(A) 20 सेकंड में

(B) 100 सेकंड में

(C) 45 सेकंड में

(D) 10 सेकंड में

(E) 28 सेकंड में

23. 1 और 50 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएँ आती हैं?

(A) 17

(B) 15

(C) 14

(D) 16

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. यदि $x = -\frac{2}{3}$ हो, तब $9x^2 - 3x - 11$ बराबर है

(A) $-13$

(B) 13

(C) $-5$

(D) $-17$

(E) 17

25. एक परीक्षा में प्रत्येक उम्मीदवार हिन्दी अथवा इतिहास अथवा दोनों लेता है। 66% हिन्दी तथा 59% इतिहास लेते हैं। कुल उम्मीदवारों की संख्या 3000 थी। कितने उम्मीदवारों ने हिन्दी एवं इतिहास दोनों लिए?

(A) 500

(B) 750

(C) 542

(D) 738

(E) 830

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

26. यदि $x = \sqrt{\dfrac{0\cdot00001225}{0\cdot00005329}}$ हो, तब $x$ का मान है

(A) $\frac{35}{73}$

(B) $\frac{525}{933}$

(C) $\frac{205}{403}$

(D) $\frac{135}{233}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. यदि $x+\frac{1}{y}=1$ और $y+\frac{1}{z}=1$ हो, तब $z+\frac{1}{x}$ का मान है

(A) $x-y$

(B) 1

(C) अज्ञात/गणनीय नहीं है

(D) 2

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. 4 बहनों की औसत आयु 7 वर्ष है। यदि हम माँ की आयु जोड़ दें, तो औसत 6 वर्ष बढ़ जाती है। माँ की आयु ज्ञात कीजिए।

(A) 46 वर्ष

(B) 39 वर्ष

(C) 37 वर्ष

(D) 47 वर्ष

(E) 57 वर्ष

29. यदि $3^{x+8} = 27^{2x+1}$ हो, तब $x$ का मान है

(A) 9

(B) 1

(C) –1

(D) 10

(E) –10

30. यदि $S = \sum_{n=1}^{10} (2n + \frac{1}{2})$ हो, तब $S$ है

(A) $55\frac{1}{2}$

(B) 56

(C) 111

(D) 115

(E) $110\frac{1}{2}$

[P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

31. निम्न में से किसका pH मान 7 है?

(A) शुद्ध पानी

(B) उदासीन विलयन

(C) क्षारीय विलयन

(D) अम्लीय विलयन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

32. निम्न तत्त्वों में से किसमें न्यूट्रॉन नहीं होता है?

(A) ऑक्सीजन

(B) नाइट्रोजन

(C) हाइड्रोजन

(D) ताँबा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

33. ऐंग्स्ट्रम इकाई है

(A) तरंगदैर्घ्य की

(B) ऊर्जा की

(C) आवृत्ति की

(D) वेग की

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

34. आवृत्ति को नापा जाता है

(A) हर्ट्ज में

(B) मीटर प्रति सेकंड में

(C) रेडियन में

(D) वॉट में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

35. DNA की खोज किसने की?

(A) जेम्स वॉटसन एवं फ्रांसिस क्रिक

(B) ग्रेगर मेंडेल

(C) जोहान्सन

(D) हरगोविन्द खुराना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

36. ट्राइग्लिसराइड क्या है?

(A) प्रोटीन

(B) कार्बोहाइड्रेट

(C) वसा

(D) खनिज

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

37. इलेक्ट्रोएन्सेफैलोग्राम (EEG) निम्न में से किसकी निगरानी के लिए उपयोग होता है?

(A) हृदय (दिल)

(B) यकृत (लीवर)

(C) अग्न्याशय (पैंक्रियास)

(D) मस्तिष्क

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

38. शरीर का तापक्रम नियंत्रित करता है

(A) थैलेमस

(B) हाइपोथैलेमस

(C) सेरेबेलम

(D) मेडुला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

39. सही कथन चुनिए।

(A) लाल प्रकाश का तरंगदैर्घ्य, बैंगनी प्रकाश से कम है।

(B) लाल प्रकाश का तरंगदैर्घ्य, बैंगनी प्रकाश से ज्यादा है।

(C) बैंगनी प्रकाश का तरंगदैर्घ्य, हरे प्रकाश से ज्यादा है।

(D) बैंगनी प्रकाश का तरंगदैर्घ्य, पीले प्रकाश से ज्यादा है।

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

40. 40 डिग्री सेल्सियस का मान फारेनहाइट स्केल में है

(A) 104 °F (B) 100 °F

(C) 102 °F (D) 75 °F

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

**41.** विद्युत्-शक्ति की इकाई है

(A) ऐम्पीयर (B) वोल्ट

(C) कूलॉम्ब (D) वॉट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**42.** विद्युत् मोटर में

(A) ऊष्मा को विद्युत् ऊर्जा में बदला जाता है

(B) विद्युत् ऊर्जा को ऊष्मा में बदला जाता है

(C) विद्युत् ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदला जाता है

(D) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत् ऊर्जा में बदला जाता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**43.** मानव शरीर में होता है

(A) लगभग 70% पानी

(B) 20%–30% पानी

(C) 10%–20% पानी

(D) 30%–40% पानी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**44.** विद्युत्-धारा निम्न में से किस उपकरण से नापी जाती है?

(A) वोल्टमीटर

(B) ऐमीटर

(C) वोल्टामीटर

(D) पोटेंशियोमीटर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**45.** ग्रीनहाउस गैसों में मुख्य घटक होता है

(A) कार्बन डाइऑक्साइड

(B) मीथेन

(C) नाइट्रस ऑक्साइड

(D) ओज़ोन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**46.** आइंस्टीन को 'नोबेल प्राइज' किस कार्य पर मिला?

(A) आपेक्षिकता

(B) बोस-आइंस्टीन संघनन

(C) संहति एवं ऊर्जा की तुल्यता

(D) प्रकाश-विद्युत् प्रभाव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**47.** कोशिका का शक्ति-स्रोत होता है

(A) कोशिका भित्ति

(B) माइटोकॉन्ड्रिया

(C) राइबोसोम

(D) न्यूक्लियस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**48.** एड्स निम्न कारणों में से किसके द्वारा होता है?

(A) पानी

(B) जीवाणु

(C) विषाणु

(D) फफूँद

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**49.** आर्द्रता किस उपकरण से नापी जाती है?

(A) हाइड्रोमीटर

(B) हाइग्रोमीटर

(C) पायरोमीटर

(D) लैक्टोमीटर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**50.** दाब की इकाई क्या है?

(A) न्यूटन प्रति वर्ग मीटर

(B) न्यूटन-मीटर

(C) न्यूटन

(D) न्यूटन प्रति मीटर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

**51.** अक्तूबर 2018 के प्रथम सप्ताह में भारत की रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण किस देश की त्रिदिवसीय यात्रा पर गई थीं?

(A) रूस

(B) कजाकिस्तान

(C) यूक्रेन

(D) चीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**52.** अक्तूबर 2018 में निम्न में से किस देश की संसद ने आंग सान सू की से मानद नागरिकता वापस ले ली?

(A) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका

(B) यूनाइटेड किंगडम

(C) नॉर्वे

(D) कनाडा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**53.** निम्न में से कौन 'नाफ्टा' में सम्मिलित नहीं है?

(A) ग्रेट ब्रिटेन

(B) कनाडा

(C) मेक्सिको

(D) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**54.** सितम्बर 2018 में भारत ने किस देश के साथ 'मोबिलाइज़ योर सिटी' समझौते पर हस्ताक्षर किया?

(A) स्वीडन

(B) जर्मनी

(C) जापान

(D) फ्रांस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**55.** अगस्त 2018 में विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने किस देश में 'पाणिनि भाषा प्रयोगशाला' का उद्घाटन किया?

(A) श्रीलंका

(B) दक्षिण अफ्रीका

(C) मॉरीशस

(D) इंडोनेशिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**56.** अगस्त 2018 में किस देश ने भारतीय मूल के प्रवासी लोगों के लिए 'अंग प्रत्यारोपण की सुविधा देने संबंधी कानून' बनाया है?

(A) यूनाइटेड किंगडम

(B) कनाडा

(C) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका

(D) सिंगापुर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

**57.** नवम्बर 2017 में सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव में एमर्सन मनांगाग्वा किस देश के राष्ट्रपति चुने गए हैं?

(A) युगांडा

(B) केन्या

(C) जिम्बाब्वे

(D) घाना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**58.** किस देश में विगत दो वर्षों से लागू आपातकाल को 20 जुलाई, 2018 को समाप्त किया गया?

(A) इराक

(B) सीरिया

(C) तुर्की

(D) यमन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**59.** जून 2018 में पोलियो के प्रकोप के कारण किस देश में आपातकाल लागू किया गया?

(A) पापुआ न्यू गिनी

(B) फिजी

(C) फिलीपीन्स

(D) माली

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**60.** 29 सितम्बर, 2018 को बांग्लादेश को हराकर भारत ने कुल कितनी बार क्रिकेट का एशिया कप जीता?

(A) छठी बार

(B) सातवीं बार

(C) आठवीं बार

(D) नौवीं बार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**61.** 18वें एशियाई खेल, 2018 (जकार्ता) में भारत द्वारा जीते गए पदकों का सही क्रम निम्न में से कौन-सा है?

| | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 15 | 21 | 33 | 69 |
| (B) | 15 | 32 | 22 | 69 |
| (C) | 15 | 30 | 24 | 69 |
| (D) | 15 | 24 | 30 | 69 |

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**62.** अगस्त 2018 में ए० टी० एफ० के रूप में बायो-फ्यूअल का प्रयोग करने वाली प्रथम भारतीय विमानन कम्पनी कौन-सी है?

(A) जेट एयरवेज

(B) विस्तारा

(C) एयर इंडिया

(D) स्पाइसजेट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

63. जून 2018 में भारत की एक महत्त्वाकांक्षी योजना 'अटल भूजल योजना' के लिए विश्व बैंक ने कितनी धनराशि मंजूर की है?

(A) ₹ 5,000 करोड़

(B) ₹ 6,000 करोड़

(C) ₹ 7,000 करोड़

(D) ₹ 8,000 करोड़

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

64. आइ० आइ० टी०, खड़गपुर के अध्ययन दल की रिपोर्ट के अनुसार लगातार कितने वर्षों की न के बराबर वर्षा का होना सिन्धु घाटी सभ्यता के पतन का कारण रहा था?

(A) 600 वर्ष

(B) 700 वर्ष

(C) 800 वर्ष

(D) 900 वर्ष

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

65. फरवरी 2018 में जारी भारत में वनों की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार भारत का कितना प्रतिशत भाग वन-क्षेत्र के अंतर्गत आता है?

(A) 23·00%

(B) 23·40%

(C) 24·00%

(D) 24·40%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

66. जनवरी 2018 में भारत के किस राज्य ने लोगों को वृक्षों के साथ मानवीय रिश्ता (भाई-बहन) बनाने की मंजूरी प्रदान की?

(A) असम

(B) सिक्किम

(C) नागालैंड

(D) मणिपुर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

67. 'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण, 2018' में किस ज़िले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ?

(A) गया—बिहार

(B) तूतीकोरिन—तमिलनाडु

(C) सतारा—महाराष्ट्र

(D) मेरठ—उत्तर प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

68. सितम्बर 2018 में प्रारम्भ की गई भारत की किस योजना को विश्व की सबसे बड़ी बीमा योजना माना गया है?

(A) प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

(B) प्रधानमंत्री जन स्वास्थ्य योजना

(C) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

(D) प्रधानमंत्री जन धन योजना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

**69.** सितम्बर 2018 में निम्न में से किस संस्थान में देश का प्रथम रेलवे विश्वविद्यालय स्थापित किया गया था?

(A) भारतीय राष्ट्रीय रेल अकादमी—वड़ोदरा

(B) भारतीय रेलवे स्कूल—पुणे

(C) भारतीय राष्ट्रीय रेल शोध संस्थान—मैसूर

(D) भारतीय रेल कोच संस्थान—कपूरथला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**70.** JIMEX 2018 का संबंध है

(A) जापान-भारत संयुक्त मिलिटरी प्रदर्शनी से

(B) जापान-भारत की नौसेनाओं के युद्धाभ्यास से

(C) जापान-भारत संयुक्त मोटरवाहन प्रदर्शनी से

(D) जापान-भारत संयुक्त मिसाइल कार्यक्रम से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**71.** वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु सितम्बर 2018 में 'वायु (वी॰ ए॰ वाइ॰ यू॰)' प्रणाली का शुभारम्भ किस नगर/राज्य में किया गया?

(A) चेन्नई

(B) अमृतसर

(C) दिल्ली

(D) वाराणसी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**72.** निम्न में से किसके तहत मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 6 जनवरी, 2018 को बेगूसराय और खगड़िया जनपदों में कुल 750 से अधिक विकास योजनाओं का शुभारम्भ किया?

(A) विकास यात्रा

(B) विकास सर्वेक्षण यात्रा

(C) नव-सृजन योजना, 2018

(D) विकास समीक्षा यात्रा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**73.** 16 मार्च, 2018 को उपमुख्यमंत्री श्री सुशील मोदी ने बिहार के किस नगर में राज्य के प्रथम 'स्टार्ट-अप हब' का उद्घाटन किया?

(A) मोतिहारी

(B) मुंगेर

(C) पटना

(D) आरा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**74.** 22 मार्च, 2018 को बिहार राज्य के 106वें स्थापना दिवस के अवसर पर किसने पटना में नील के धब्बे नामक पुस्तक का विमोचन किया?

(A) उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू

(B) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

(C) गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह

(D) लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

**75.** मधेपुरा लोकोमोटिव फैक्ट्री में निर्मित भारत की सबसे शक्तिशाली विद्युत् रेल इंजन का सामर्थ्य है

(A) 9000 अ० श०

(B) 10000 अ० श०

(C) 11000 अ० श०

(D) 12000 अ० श०

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**76.** 10 अप्रैल, 2018 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'स्वच्छाग्रहियों के राष्ट्रीय सम्मेलन' को कहाँ सम्बोधित किया?

(A) मोतिहारी

(B) पटना

(C) किशनगंज

(D) कटिहार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**77.** एन० डी० एम० ए० ने अप्रैल 2018 में सी० बी० आर० एन० इमर्जेन्सी पर आधारित मॉक ड्रिल का अभ्यास किस एयरपोर्ट पर किया?

(A) आइ० जी० आइ०—नई दिल्ली

(B) एल० एन० जे० पी०—पटना

(C) सी० एस० आइ०—मुंम्बई

(D) डी० ए० बी० एच०—इन्दौर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**78.** एक रिपोर्ट के अनुसार, दिसम्बर 2017 से फरवरी 2018 के मध्य 4G सिग्नलों की उपलब्धता की दृष्टि से देश के 20 शहरों में पटना का स्थान है

(A) प्रथम

(B) द्वितीय

(C) उन्नीसवाँ

(D) बीसवाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**79.** सुलभ इंटरनैशनल ने बिहार के किस नगर में सस्ती दर पर पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 'सुलभ जल' प्रोजेक्ट प्रारम्भ किया है?

(A) पटना

(B) भागलपुर

(C) दरभंगा

(D) पूर्णिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**80.** बिहार की 'मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना' के संबंध में कौन-सा असत्य है?

(A) योजना का वार्षिक व्यय ₹7,221 करोड़ प्रस्तावित है

(B) शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज-कल्याण तीन विभागों द्वारा योजना का संचालन

(C) जन्म से स्नातक तक की शिक्षा पूर्ण करने पर प्रत्येक कन्या को ₹60,000 प्रदान किए जाएँगे

(D) कन्या शिशु के जन्म के समय उसके परिवार को ₹2,000 प्रदान किए जाते हैं

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

**81.** भारत में पशुपालन एवं कृषि के प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुए हैं

(A) अंजिरा से

(B) दम्ब सदात से

(C) किली गुल मोहम्मद से

(D) मेहरगढ़ से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**82.** भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद पहली बौद्ध संगीति हुई थी

(A) राजगृह (राजगीर) में

(B) गया में

(C) पाटलिपुत्र में

(D) वैशाली में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**83.** इनमें से किसने सर्वप्रथम व्यापक पैमाने पर स्वर्णमुद्रा का प्रचलन किया?

(A) पुष्यमित्र शुंग

(B) मेनांडर

(C) विमा कद्फिसेस

(D) गौतमीपुत्र सातकर्णी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**84.** इनमें से किसने पहली बार यह व्याख्या की थी कि पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने के कारण प्रतिदिन सूर्योदय एवं सूर्यास्त होता है?

(A) आर्यभट

(B) भास्कर

(C) ब्रह्मगुप्त

(D) वराहमिहिर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**85.** सुवर्णभूमि का वह राजा कौन था, जिसने नालन्दा में एक बौद्ध विहार की स्थापना की तथा उसके रख-रखाव हेतु अपने दूत द्वारा देवपाल से पाँच गाँव दान में देने के लिए प्रार्थना की?

(A) धरणीन्द्र

(B) संग्रामधनंजय

(C) बालपुत्रदेव

(D) चूड़ामणिवर्मन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**86.** *पेरीप्लस ऑफ द इरिथ्रयन सी* किसने लिखी?

(A) टेसियस

(B) प्लिनि

(C) टॉलमी

(D) स्ट्रैबो

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

87. बिहार पर बख्तियार खिलजी के हमले का पहला विवरण प्राप्त हुआ

(A) *तारीख-इ हिंद से*

(B) *तबकात-इ नासिरी से*

(C) *ताज-उल मासिर से*

(D) *तारीख-इ मुबारक शाही से*

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

88. किस सुलतान ने जमीन में फसल की नपाई का आधा राजस्व के रूप में दावा किया?

(A) इल्तुतमिश

(B) बलबन

(C) अलाउद्दीन खिलजी

(D) मुहम्मद बिन तुगलक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

89. शेख बाहाउद्दीन जकारिया किस सम्प्रदाय के थे?

(A) सुहरावर्दी सम्प्रदाय

(B) ऋषि सम्प्रदाय

(C) चिश्ति सम्प्रदाय

(D) फिरदौसी सम्प्रदाय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

90. इन शासकों में से किसने अपनी सैन्य टुकड़ियों को दो सौ, दो सौ पचास एवं पाँच सौ की इकाइयों में विभाजित किया था?

(A) बाहलुल लोदी

(B) सिकन्दर शाह

(C) शेरशाह

(D) इस्लाम शाह

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

91. यह कथन किसका है कि अकबर के शासन में इलाहाबाद में चालीस स्तम्भयुक्त मंजिल के निर्माण में पाँच हजार से बीस हजार लोगों ने चालीस साल तक काम किया था?

(A) मनुची

(B) टवर्नियर

(C) विलियम फिन्च

(D) अब्दुल हमिद लाहौरी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

92. 'कश्मीर का अकबर' नाम से प्रसिद्ध सुलतान था

(A) सुलतान शमसुद्दीन शाह

(B) सुलतान कुतुबुद्दीन

(C) सुलतान सिकन्दर

(D) सुलतान जैनुल आबिदीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

93. 'फरैजी आंदोलन' की शुरुआत किसने की?

(A) हाजी शरियातुल्लाह

(B) सैयद अहमद

(C) सलिमुल्लाह

(D) एम० ए० जिन्ना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

94. पुस्तक *पॉवर्टी ऍंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया* किसने लिखी?

(A) आर० सी० दत्त

(B) दादाभाई नौरोजी

(C) बिपिन चन्द्र पाल

(D) लाजपत राय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

95. बंगाल और बिहार में भूमि पर किरायादारों के अधिकार को बंगाल किरायादारी अधिनियम द्वारा कब स्वीकार किया गया?

(A) 1868

(B) 1881

(C) 1885

(D) 1893

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

96. बिहार कब भारत में एक स्वतंत्र प्रदेश बना?

(A) 1897

(B) 1905

(C) 1907

(D) 1912

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

97. चम्पारण में गाँधीजी को आमंत्रण किसने दिया?

(A) राजेन्द्र प्रसाद

(B) राजकुमार शुक्ल

(C) मजहरुल हक

(D) कृष्ण सहाय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

98. 1929 के काँग्रेस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का पताका किसने उठाया?

(A) मौलाना मुहम्मद अली

(B) पंडित जवाहरलाल नेहरू

(C) वल्लभभाई पटेल

(D) सुभाष चन्द्र बोस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

99. बिहार सोशलिस्ट पार्टी कब गठित हुई?

(A) 1921

(B) 1927

(C) 1931

(D) 1934

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

100. इनमें से किसने बिहार में पहले काँग्रेस मन्त्रीसभा का नेतृत्व किया?

(A) अनुग्रह नारायण सिन्हा

(B) अब्दुल बारी

(C) जयप्रकाश नारायण

(D) श्रीकृष्ण सिन्हा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

101. निम्न में से कौन-सा एक स्थलरुद्ध देश है?
(A) बेल्जियम
(B) हंगरी
(C) रूमानिया
(D) यूक्रेन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

102. निम्न में से कौन-सा द्वीप क्षेत्रफल में सबसे बड़ा है?
(A) बोर्नियो
(B) ग्रेट ब्रिटेन
(C) मेडागास्कर
(D) सुमात्रा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

103. निम्न में से किस क्षेत्र में भूमध्यसागरीय जलवायु प्रचलित नहीं है?
(A) मध्य चिली
(B) केप टाउन
(C) एडिलेड
(D) पम्पाज़
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

104. वह देश, जो विश्व में रेशम का सबसे बड़ा उत्पादक है, है
(A) भारत
(B) चीन
(C) ब्राज़ील
(D) जापान
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

105. संयुक्त राष्ट्र अमेरिका को छोड़कर विश्व के निम्न देशों में से कौन-सा देश कच्चे तेल का सर्वाधिक उत्पादन करता है?
(A) रूस
(B) चीन
(C) सऊदी अरब
(D) कनाडा
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

106. निम्न में से कौन-सा मेघालय पठार का अंश नहीं है?
(A) भुबन पहाड़ियाँ
(B) गारो पहाड़ियाँ
(C) खासी पहाड़ियाँ
(D) जयन्तिया पहाड़ियाँ
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

107. वह दर्रा, जो सर्वाधिक ऊँचाई में अवस्थित है, है
(A) जोजिला
(B) रोहतंग
(C) नाथू ला
(D) खैबर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

108. करेवास मृत्तिका, जो जाफरान (केसर का एक स्थानीय प्रकार) के उत्पादन के लिए उपयोगी है, पायी जाती है
(A) कश्मीर हिमालय में
(B) गढ़वाल हिमालय में
(C) नेपाल हिमालय में
(D) पूर्वी हिमालय में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Downloaded from: http://studymarathon.com/

109. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत था लगभग

(A) 21

(B) 31

(C) 36

(D) 40

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

110. भारत सरकार के नीति (NITI) आयोग, जो आर्थिक नीति-निर्धारण का चिन्तन-समूह (think tank) है, में NITI का पूरा स्वरूप क्या है?

(A) नैशनल इंटरनल ट्रेड इंफॉर्मेशन (राष्ट्रीय आन्तरिक व्यापार सूचना)

(B) नैशनल इंस्टिट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान)

(C) नैशनल इंटिग्रेटेड ट्रीटि इंस्टिट्यूट (राष्ट्रीय समेकित संधि संस्थान)

(D) नैशनल इंटेलेक्चूअल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (राष्ट्रीय बौद्धिक ट्रेनिंग संस्थान)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

111. आजादी के बाद भाषा के आधार पर भारत के राज्यों का पुनर्गठन किस वर्ष में हुआ?

(A) 1947

(B) 1951

(C) 1956

(D) 2000

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

112. भारत के निम्न राज्यों में से किसे 'चीनी का कटोरा' कहा जाता है?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) महाराष्ट्र

(C) बिहार

(D) हरियाणा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

113. निम्न खनिजों में से किस खनिज के उत्पादन में भारत विश्व में अग्रणी है?

(A) चादरी अभ्रक

(B) ताँबा

(C) जिप्सम

(D) लौह अयस्क

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

114. एक भारतीय राज्य के रूप में बिहार बना

(A) 1911 में

(B) 1912 में

(C) 1936 में

(D) 2000 में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

115. बिहार के निम्न हिस्सों में से कौन-सा हिस्सा भूतात्विक दृष्टि से अपेक्षाकृत पुराना है?

(A) रोहतास पठार

(B) उत्तर-पश्चिमी पहाड़ियाँ

(C) खड़गपुर पहाड़ियाँ

(D) उत्तर गंगा मैदान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

116. जुलाई 2018 तक पटना जिला बिहार के कितने जिलों से सीमाबद्ध था?

(A) 7

(B) 8

(C) 9

(D) 10

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

117. बिहार का अधिकांश क्षेत्र आच्छादित है

(A) पहाड़ी मिट्टी से

(B) कछारी मिट्टी से

(C) रेगुर मिट्टी से

(D) तराई मिट्टी से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

118. भारत के राज्यों में से निम्नतम साक्षरता दर (2011 जनगणना) की दृष्टि से बिहार का स्थान है

(A) प्रथम

(B) द्वितीय

(C) तृतीय

(D) चतुर्थ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

119. भारत के राज्यों में से जूट उत्पादन की दृष्टि से बिहार का स्थान क्या है?

(A) प्रथम

(B) द्वितीय

(C) तृतीय

(D) चतुर्थ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

120. बिहार में किस प्रकार के उद्योगों की प्रत्याशा एवं संभावनाएँ हैं?

(A) तेल-शोधनागार

(B) वन-आधारित उद्योग

(C) बालुका-खनन उद्योग

(D) कृषि-आधारित उद्योग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

121. सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपने पद से त्यागपत्र किसको लिखकर दे सकता है?

(A) राष्ट्रपति

(B) प्रधानमंत्री

(C) विधि मंत्री

(D) भारत के महान्यायवादी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

122. पिछड़ी जाति आयोग के प्रथम सभापति कौन थे?

(A) जगजीवन राम

(B) काका साहेब कालेलकर

(C) बी० डी० शर्मा

(D) बी० आर० अम्बेडकर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

123. राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष किसके द्वारा नियुक्त किया जाता है?

(A) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष

(B) भारत के राष्ट्रपति

(C) राज्य के राज्यपाल

(D) मुख्यमंत्री

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

124. लोक सभा का सदस्य चुने जाने के लिए एक व्यक्ति को किस आयु से कम का नहीं होना चाहिए?

(A) 18 वर्ष

(B) 21 वर्ष

(C) 25 वर्ष

(D) 30 वर्ष

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

125. किसी राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया जाता है

(A) प्रधानमंत्री द्वारा

(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

(C) राष्ट्रपति द्वारा

(D) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

126. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत लोक सभा में अनुसूचित जातियों के आरक्षण का प्रावधान किया गया था?

(A) अनुच्छेद 330

(B) अनुच्छेद 331

(C) अनुच्छेद 332

(D) अनुच्छेद 333

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

127. राष्ट्रपति

(A) संसद का हिस्सा नहीं होता है

(B) संसद का हिस्सा होता है

(C) संसद का हिस्सा होता है और संसद में बैठता है

(D) संसद में वोट दे सकता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

128. निम्न में से कौन-सा अनुच्छेद पंचायत के गठन के लिए राज्य सरकारों को निर्देश देता है?

(A) अनुच्छेद 33

(B) अनुच्छेद 40

(C) अनुच्छेद 48

(D) अनुच्छेद 50

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

129. किस वर्ष झारखंड राज्य अस्तित्व में आया?

(A) 1998

(B) 1999

(C) 2000

(D) 2001

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

130. निम्न में से किस वर्ष सरकारिया आयोग, जिसे केन्द्र-राज्य संबंधों में परिवर्तन की संस्तुति का अधिकार दिया गया था, ने अपना प्रतिवेदन जमा किया था?

(A) 1983

(B) 1984

(C) 1985

(D) 1987

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

131. निम्न में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत वित्त आयोग के गठन का प्रावधान किया गया है?

(A) अनुच्छेद 280

(B) अनुच्छेद 269

(C) अनुच्छेद 268

(D) अनुच्छेद 265

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

132. भारत का महान्यायवादी किसके द्वारा नियुक्त किया जाता है?

(A) विधि मंत्री

(B) भारत के राष्ट्रपति

(C) लोक सभा का अध्यक्ष

(D) प्रधानमंत्री

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

133. बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि एवं सहायक क्षेत्रक के लिए निम्न में से किस एक औसत वार्षिक विकास दर का लक्ष्य रखा गया था?

(A) 3·0 प्रतिशत

(B) 3·5 प्रतिशत

(C) 4·0 प्रतिशत

(D) 4·5 प्रतिशत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

134. सरकार की नीति 'मेक इन इंडिया' का उद्देश्य है

(A) नौकरशाही के ढीलापन को दूर करना

(B) लालफीताशाही को हटाना

(C) विनिर्माण की लागत को कम करना

(D) उत्पाद को प्रतियोगी बनाना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Downloaded from: http://studymarathon.com/

135. निम्न में से कौन-सा एक औद्योगिक विकास के लिए प्रोत्साहिकी नहीं है?

(A) मेक इन इंडिया

(B) ईज ऑफ डूइंग बिजनेस

(C) स्टार्ट-अप इंडिया

(D) डिजिटल इंडिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

136. पुरा (ग्रामीण क्षेत्रों में नगरीय सुविधाएँ प्रदान करना) प्रारूप किसके द्वारा प्रस्तावित किया गया था?

(A) ए० पी० जे० अब्दुल कलाम

(B) मनमोहन सिंह

(C) लालकृष्ण आडवाणी

(D) राजीव गाँधी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

137. जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में महिला साक्षरता दर थी

(A) 60·0 प्रतिशत

(B) 63·0 प्रतिशत

(C) 65·5 प्रतिशत

(D) 68·5 प्रतिशत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

138. इनमें से किसने गरीबी निवारण के प्रभावपूर्ण अस्त्र के रूप में स्वयं-सेवा समूह के विचार को दिया था?

(A) अमर्त्य सेन

(B) मो० युनूस

(C) एस० चक्रवर्ती

(D) वेंकैया नायडू

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

139. वर्तमान में, भारतीय रिज़र्व बैंक का गवर्नर कौन है?

(A) उर्जित पटेल

(B) रघुराम राजन

(C) शान्ता कुमार

(D) ललिता डी० गुप्ते

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

140. निम्न में से कौन-सा एक कृषि में उत्पादकता बढ़ाने का रास्ता है?

(A) कुशल सिंचाई

(B) गुणवत्तायुक्त बीज

(C) कीटनाशकों का प्रयोग

(D) उर्वरकों का प्रयोग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

141. निम्न में से कौन-सा एक 'मनरेगा' का उद्देश्य है?

(A) परिसम्पत्तियों का निर्माण करना

(B) सूक्ष्म-सिंचाई को प्रोत्साहित करना

(C) जल प्रबन्धन

(D) ग्रामीण आय को बढ़ाना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

142. निम्न में से कौन-सा एक संघीय बजट, 2017–18 के अभीष्ट उद्देश्यों में सम्मिलित नहीं था?

(A) भारत को रूपान्तरित करना

(B) भारत को स्वच्छ करना

(C) भारत को शिक्षित करना

(D) भारत को ऊर्जावान बनाना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

143. निम्न में से कौन-सा एक, 20वीं शताब्दी के साठवें दशक के अंतिम दौर की 'हरित क्रांति' की प्रकृति का सबसे उचित वर्णन करता है?

(A) हरी सब्जियों की अत्यधिक खेती
(B) गहन कृषि जिला कार्यक्रम
(C) उच्च उपज किस्म कार्यक्रम
(D) बीज-उर्वरक-जल तकनीकी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

144. इनमें से कौन नीति आयोग का सी० ई० ओ० है?

(A) अमिताभ कांत
(B) एस० एस० मुंद्रा
(C) साइरस मिस्त्री
(D) सौम्य कांति घोष
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

145. भारतीय जनगणना, 2011 के अनुसार, निम्न राज्यों में से किस एक में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?

(A) केरल
(B) हरियाणा
(C) बिहार
(D) उत्तर प्रदेश
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

146. भारतीय जनगणना, 2011 के अनुसार, बिहार राज्य में लिंगानुपात क्या है?

(A) 893 (B) 916
(C) 918 (D) 925
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

147. 'बिहार आर्थिक सर्वेक्षण' पहली बार किस वित्तीय वर्ष के लिए प्रकाशित किया गया था?

(A) 2004–05
(B) 2006–07
(C) 2008–09
(D) 2009–10
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

148. बिहार में अप्रैल–जून 2018 के दौरान किस क्षेत्रक ने सर्वाधिक एफ० डी० आइ० इक्विटी अंतर्प्रवाह को आकर्षित किया?

(A) सेवा क्षेत्रक
(B) इस्पात उद्योग
(C) कृषि में प्रसंस्करण उद्योग
(D) सीमेंट उद्योग
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

149. 2017–18 में बिहार राज्य में कृषि में कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत क्या है?

(A) 65
(B) 67
(C) 68
(D) 70
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

150. बिहार राज्य में वर्ष 2016–17 के दौरान आर्थिक विकास दर क्या थी?

(A) 6·3 प्रतिशत
(B) 7·3 प्रतिशत
(C) 8·3 प्रतिशत
(D) 9·3 प्रतिशत
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/